**राजस्थान सरकार**

**निदेशालय कोष एवं लेखा**

***वित्तभवन, "ए" ब्लॉक, जनपथ, जयपुर-302005***

**( दूरभाष 0141-2740837, फैक्स 0141-2742309, ईमेल jacct.dta@rajasthan.gov.in )**

क्रमांकः प. (ई) निप / (लिंक नंबर–12530 / 2013) / अलेसे– II / 756 दिनांक– 12.05.2025

आदेश संख्या–315 / 2025–26

पुलिस अधीक्षक (चार्ज), भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, बीकानेर ने अपने पत्र कमांक पु.अ. / भ्रनिब्यूरो / बीकानेर / 2024 / 1886 दिनांक 12.12.2024 से श्री अवनीश कुमार, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड II (लिंक नं–12530) हाल कार्यालय प्रभारी, भौतिक सत्यापन दल सं. 16, बीकानेर द्वारा दिनांक 17.01.2023 को रिश्वत राशि की मांग सत्यापन होने पर इनके विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 104 / 2023 पंजीबद्ध कर अनुसंधान के उपरान्त अपराध अन्तगर्त धारा 7 भ्र.नि. अधिनियम–1988 (यथा संशोधित 2018) प्रमाणित पाये जाने पर अभियोजन स्वीकृत्ति हेतु प्रकरण प्रेषित किया है। जिसके क्रम में इस निदेशालय द्वारा अभियोजन स्वीकृति क्रमांक प. (ई)निप / (लिंक नंबर–12530 / 2013) / अलेसे– II / 747 दिनांक 12.05.2025 जारी की जा चुकी है।

अतः कार्मिक (क–3) विभाग के परिपत्र कमांक प.2. (157) कार्मिक / क–3 / शिका / 97 दिनांक 22.03.2023 के बिन्दु संख्या ए (2) के अनुसरण में श्री अवनीश कुमार, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड II को राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम–13 में प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में अभियोजन स्वीकृति दिनांक 12.05.2025 से निलम्बित किया जाता है। निलम्बन काल में इनका मुख्यालय कोषालय, श्रीगंगानगर रहेगा।

श्री अवनीश कुमार, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड II को निलम्बन काल में राजस्थान सेवा नियमों के नियम 53 के अन्तर्गत नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा। निलम्बन काल में श्री अवनीश कुमार, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड II नियमित रूप से मुख्यालय कोषालय, श्रीगंगानगर में अपनी उपस्थिति अंकित करेंगें।

(बृजेश किशोर शर्मा)
निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः प. (ई) निप / (लिंक नंबर–12530 / 2013) / अलेसे– II / 756 दिनांक– 12.05.2025

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. पुलिस अधीक्षक (चार्ज), भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, बीकानेर ।
3. अतिरिक्त निदेशक, निरीक्षक विभाग, जयपुर ।
4. कोषाधिकारी, श्रीगंगानगर।
5. उप निदेशक (एसीपी) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं पीआईएस में प्रविष्ठी करने हेतु ।
6. वरिष्ठ निजी सचिव, निदेशक महोदय.
7. श्री अवनीश कुमार, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड II (लिंक नं–12530) हाल कार्यालय प्रभारी, भौतिक सत्यापन दल सं. 16, बीकानेर को पालनार्थ।
8. जाँच शाखा / एसीआर शाखा / डीपीसी शाखा / पदस्थापन सीट।
9. रक्षित पत्रावली / निजी पत्रावली।

(सीमा कौशल)
संयुक्त निदेशक (कार्मिक– II / III)